**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 24.05.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि वैश्विक मानकों के अनुरूप राज्य कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें–बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ का दूरदर्शी विकास मॉडल प्रस्तुत किया।**
- **अरपा–भैंसाझार नहर परियोजना में कथित मुआवजा घोटाले मामले की जांच ईओडब्ल्यू करेगा–मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।**
- **दक्षिण–पश्चिम मानसून ने केरल में दी दस्तक–छत्तीसगढ़ में आज रायपुर सहित कई जिलों में हुई बारिश।**

**पीएम–नीति आयोग–01**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और ''एक राज्य–एक वैश्विक गंतव्य'' के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से शहरीकृत हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री सहित केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ भी शामिल हुए। नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ का दूरदर्शी विकास मॉडल प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कभी नक्सल हिंसा के लिए पहचाना जाने वाला बस्तर अब देश को विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल देने जा रहा है। बैठक में श्री साय ने छत्तीसगढ़ के लिए पचहत्तर लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य रखा और इसके केंद्र में थ्रीटी मॉडल – टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी और ट्रांसफार्मेशन को बताया। उन्होंने बताया कि राज्य में अब हर योजना को डिजिटली ट्रैक किया जा रहा है, ताकि आम जनता को समय पर और सटीक सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह मॉडल न केवल छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने में सहायक होगा, बल्कि भारत के दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में भी राज्य की अहम भूमिका सुनिश्चित करेगा।

**पीएम–नीति आयोग–02**

बैठक में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री श्री साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए राज्य के विकास रोडमैप, नक्सलवाद के अंत और नई औद्योगिक नीति को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। श्री साय ने कहा कि विकसित भारत के प्रधानमंत्री के लक्ष्य के अनुरूप, राज्य सरकार का उद्देश्य "विकसित छत्तीसगढ़" की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है।

**अरपा–भैंसाझार नहर**

बिलासपुर जिले में अरपा–भैंसाझार नहर परियोजना में कथित मुआवजा घोटाले मामले की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू करेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक में इस संबंध में पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए। आरोप है कि अरपा–भैंसाझार नहर परियोजना में अधिकारियों ने किसानों की जगह एक व्यापारी को कागजों में भू–स्वामी बनाकर अड़तालीस गुना अधिक कीमत में करीब तीन करोड़ बयालीस लाख रूपये का मुआवजा दे दिया। जिन किसानों की जमीन पर नहर बनी थी, वे मुआवजा के लिए भटक रहे हैं। इस मामले की जांच जिला स्तर पर हुई थी,

जिसमें कोटा के तत्कालीन एसडीएम सहित राजस्व विभाग के छह और सिंचाई विभाग के पांच अधिकारी दोषी पाए गए थे।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

**कांग्रेस–न्याय पदयात्रा**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आगामी छब्बीस मई को किरंदुल से न्याय पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। चार दिवसीय इस यात्रा में बस्तर संभाग के अलावा प्रदेशभर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह यात्रा उनतीस मई को दंतेवाड़ा पहुंचेगी, जहां कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने बताया कि बस्तर संभाग में आदिवासियों, जल–जंगल–जमीन और खनिज को संरक्षित रखने के लिए न्याय पदयात्रा निकाली जा रही है।

**दक्षिण–पश्चिम मानसून**

दक्षिण–पश्चिम मानसून आज केरल में अपनी निर्धारित तिथि से आठ दिन पहले पहुंच गया है। केरल में मानसून सामान्य रूप से एक जून तक पहुंचता है। मौसम विभाग ने केरल, माहे, तटीय कर्नाटक, कोंकण और गोवा में मूसलाधार वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही मध्य, पूर्व और उत्तर–पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में तेज वर्षा का भी अनुमान व्यक्त किया है। इस बीच, राजधानी रायपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के कुछ जिलों में आज सुबह गरज–चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, बस्तर संभाग में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश होने के आसार हैं।

**यूपीएससी परीक्षा**

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा कल पच्चीस मई को होगी। प्रदेश में इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा जांच सहित अन्य चीजों को लेकर कड़ाई बरतने के साथ ही परीक्षार्थियों के प्रसाधन प्रयोग को लेकर भी नियम निर्धारित किए गए हैं। अभ्यर्थी केवल काले कलर की बॉल पेन ही उपयोग कर सकेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों में पहली पाली में सुबह नौ बजे और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से पहले पहुंचना होगा। इस परीक्षा के लिए रायपुर जिले में अट्ठाईस केंद्र बनाए गए हैं।

**बांग्लादेशी महिला–गिरफ्तार**

दुर्ग की मोहन नगर थाना पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की टीम ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई और एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ये दोनों महिलाएं लगभग आठ वर्षों से अपनी पहचान छिपाकर और नाम बदलकर रह रही थीं।

**रघु ठाकुर–धमतरी**

समाजवादी नेता रघु ठाकुर ने कहा है कि देश के आदिवासियों को अगर आजीविका के लिए जमीन के पट्टे दे दिए जाए, तो जंगल भी सुरक्षित होंगे और वन्यजीवों की रक्षा भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में इक्कीस लाख भूमिहीन आदिवासी हैं। इनकी समस्याओं को लेकर जल्द ही दिल्ली में अभियान शुरू किया जाएगा। श्री ठाकुर ने आज धमतरी जिले के उमरादेहान में डॉक्टर राममनोहर लोहिया की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि समाजवादी आंदोलन और समाजवाद दोनों ही जंगलों में जीवित हैं।

**अंबेडकर अस्पताल–आगजनी**

रायपुर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग की इनक्यूबेटर मशीन में बीती रात आग लग गई। ड्‌यूटी में तैनात लोगों ने तुरंत इसकी सूचना अस्पताल के फायर फाइटर कर्मियों को दी, जिन्होंने फायर सिलेंडरों की मदद से आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली और इसकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

**योग–बैठक**

छत्तीसगढ़ योग आयोग ने राज्य में योग को जनआंदोलन बनाने के लिए इकतालीस सदस्यीय मार्गदर्शक मंडल का गठन किया है। इस मंडल की पहली बैठक रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा मौजूद थे।

**जिले की चिट्‌ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्‌ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''सक्ती''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>